# श्री मायापति हनुमान मंदिर में 6 दिनी जन्मोत्सव शुरू

- सुंदरकांड पाठ में उमड़े श्रद्धालु
- सामाजिक न्याय परिसर स्थित मंदिर में 2 अप्रैल तक होंगे विविध आयोजन, 31 को निकलेगी कलश यात्रा



**उज्जैन। आगर रोड सामाजिक न्याय परिसर चरक भवन के सामने स्थित श्री मायापति हनुमान मंदिर में शनिवार से 6 दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन श्री रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ और व्याख्यान का आयोजन किया गया। गिरीश शर्मा के मुखारविंद से कथा का वाचन हुआ जिसका अनेक भक्तों ने श्रवण किया।**

कथा के पश्चात महाआरती संपन्न हुई। आरती में मुख्य यजमान भारत प्रसाद दुबे एवं शरद दुबे सहित विनोद यादव, राय समाज के कार्यकारिणी अध्यक्ष देवेंद्र राय, लक्ष्मी नारायण राय, जमुना प्रसाद राय, शैलेंद्र राय और प्रमोद राय शामिल हुए। यह जानकारी मंदिर के पुजारी गणेश राय ने दी। उन्होंने बताया कि श्री मायापति हनुमान मंदिर परिवार द्वारा 28 मार्च से 2 अप्रैल तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

**तीन दिन चलेगा सुंदरकांड और तुलादान महोत्सव:** 28 से 30 मार्च तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्री रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ एवं व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ 29 और 30 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मंदिर परिसर में तुलादान महोत्सव संपन्न होगा।

**कलश यात्रा और गंगा माता पूजन 31 को:** 31 मार्च को सामूहिक श्री गंगा माता पूजन का विशेष आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर सुबह क्षीरसागर मानस भवन से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों बहादुरगंज, मालीपुरा, देवास गेट और चामुंडा माता चौराहा से होते हुए मंदिर परिसर पहुंचेगी। यात्रा के समापन पर सामूहिक रूप से श्री गंगा माता पूजन किया जाएगा।

**अखंड रामायण 1 को, 2 अप्रैल को विशाल भंडारा**

1 अप्रैल को सुबह 9 बजे से श्री रामचरितमानस अखंड रामायण पाठ शुरू होगा और रात्रि में बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के मुख्य पर्व पर सुबह 9 बजे हवन होगा। शाम 7 बजे महाआरती और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात विशाल भंडारे में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। आयोजक मंडल ने सभी धर्मप्रेमी जनता से इन छह दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान वर्ग हुआ 8 सत्रों में



**खाचरौद।** भारतीय जनता पार्टी खाचरौद मंडल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान 2026 का आयोजन पोरवाल धर्मशाला में दो दिनों तक किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में कुल 8 सत्र आयोजित हुए। जिनमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली एवं योजनाओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, वंदेमातरम, स्वागत एवं वर्ग गीत के साथ हुआ। प्रथम सत्र में वैचारिक अधिष्ठान विषय पर सुल्तान सिंह शेखावत ने विचार रखे। द्वितीय सत्र में सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप एवं संगठन ऐप विषय पर डॉ जगदीश चौहान ने विचार रखे। तृतीय सत्र में कार्यपद्धति एवं कार्यकर्ता विषय पर डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने मार्गदर्शन दिया। चतुर्थ सत्र में बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर राजपाल सिंह राठौर ने अपने विचार रखे। पंचम सत्र में भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर श्याम बंसल ने विस्तार से जानकारी दी। षष्ठम सत्र में केंद्र सरकार की योजनाओं पर सासंद अनिल फिरोजिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सप्तम सत्र में कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर कृष्ण पाल सिंह झाला ने मार्गदर्शन दिया। रविवार को आयोजित अष्टम एवं अंतिम सत्र में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर राजेश धाकड़ ने जानकारी दी।

## एक नजर में

### अग्रसेन यूथ क्लब ने किया कन्या पूजन



**इन्दौर.** रामनवमी के पावन प्रसंग पर अग्रसेन यूथ क्लब की ओर से शुक्रवार को नवलखा काम्प्लेक्स स्थित सेवा सदन पर क्लब के सदस्यों ने कन्या पूजन का विधि विधान से आयोजन कर उन्हें भोजन कराया. क्लब अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता एवं सचिव सौरभ गोयल बालाजी ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गोविन्द सिंघल, अतुल अग्रवाल, संजय बांकडा, राहुल गोयल बंटी, संदीप गोयल ऑटो, प्रयोग गर्ग, राजीव बांकडा तथा यूथ क्लब की कार्यकारिणी के सदस्य अमल गोयल, आयुष जिंदल, आदित्य अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, जयेश जिंदल, संगीता गर्ग एवं रितू गोयल सहित बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य उपस्थित थे. कन्याओं के पाद पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ.

### जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष, शाह व वोरा संरक्षक नियुक्त

**इंदौर.** अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा संस्थान परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन ने संस्थान वर्ष 2026-29 त्रैवार्षिक के लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्ष जैन इन्दौर के व शैलेश शाह, पवन वोरा को संरक्षक की नियुक्ति कर अतिशीघ्र राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के मनोनीत किए जाने का निर्णय लिया गया है. हर्ष जैन को महावीर जयंती के दिन महावीर अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा. परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन ने सभी प्रदेशों के अध्यक्ष को निर्देश दिए हैं कि 30 मार्च सोमवार 2026 को भगवान महावीर के 2625 वें जन्म कल्याणक के पुनीत अवसर पर चैत्र शुक्ला त्रयोदशी को प्रात: भव्य प्रभातफेरी निकाल श्री जी कि पुजा अर्चना कर अपने अपने स्थानों पर वृद्धाश्रमो मे वृद्धजनों को भोजन कराएं एवं चिकित्सालयों में मरीजों को फल वितरित कर संस्थान कार्यालय को फोटो भिजाने का आग्रह किया है. संस्थान के मप्र के प्रवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि बैठक कि अध्यक्षता कार्याध्यक्ष चेतन मुसलिया ने की, संचालन महामंत्री रितेश सुरावत ने किया धन्यवाद राजस्थान संरक्षक सुमति लाल दुदावत दिया. बैठक में हिम्मत लुणदिया, हंस मुख जैन, रमेश जुसोत, सुन्दर लालावत, महिला मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चेतना भादावत, मंत्री सारिका सुरावत, पियुष जैन सहित सभी कोर कमेटी सदस्य उपस्थित रहे.

### मधुमेह व मोटापे से मुक्ति शिविर में 452 लोगों की जांच



**इंदौर.** अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के सहयोग से श्रीमती नीना देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में शनिवार को स्कीम 140, अग्रवाल पब्लिक स्कूल के सामने स्थित आंचल नगर में केन्द्रीय समिति के हाईटेक कार्यालय भवन पर चौथे स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच शिविर में पहले दिन 452 समाज बंधुओं ने अपनी जांचे कराई. क्षेत्र के समाज बंधुओं की ओर से संयोजक किशोर गोयल, अरविन्द वेल्यूअर, अरविन्द बागड़ी, राजेश बंसल, हितेश अग्रवाल, अमित ब्रजमोहन अग्रवाल, सुशील बैरीवाल, पंकज अग्रवाल जय गणेश तथा मातृशक्ति की ओर से दीप्ति राजेश अग्रवाल, विनिता अर्पित बंसल, रेखा-गिरीश तोडीवाला, लता गर्ग, डॉ. तरु गुप्ता, भावना गोयल, शीतल तोडीवाला आदि ने महाराजा अग्रसेन, कुलदेवी महालक्ष्मी एवं श्रीमती नीनादेवी अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। रविवार को भी सुबह 8 बजे से 20 चिकित्सकों और उनके सहयोगी पैरामेडिकल स्टाफ की टीम द्वारा समाज बंधुओं की जाँच की जाएगी.

### लिटिल चैंपियंस मीट का आयोजन

**इंदौर.** बच्चों की हिम्मत, जज़्बे और मुस्कान को समर्पित 'लिटिल चैंपियंस मीट' का आयोजन केयर सीएचएल हॉस्पिटल द्वारा सफलतापूर्वक किया गया. इस विशेष कार्यक्रम में लगभग 20 बच्चों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य उन नन्हे योद्धाओं का सम्मान करना था, जिन्होंने कम उम्र में ही स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करते हुए अद्भुत साहस और दृढ़ता का परिचय दिया है. एनआईसीयू से बाहर आए हुए ये बच्चे आज स्वस्थ जीवनयापन कर रहे हैं. हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों और उनके परिजनों के साथ एक भावनात्मक और प्रेरणादायक संवाद स्थापित किया गया. इस दौरान बच्चों और उनके परिवारों ने अपने अनुभव, संघर्ष और सफलता की कहानियाँ साझा कीं, जिसने पूरे वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया. हॉस्पिटल के एचसीओओ मनीष गुप्ता ने कहा लिटिल चैंपियंस मीट उन बच्चों के साहस को सलाम करने का एक प्रयास है, जिन्होंने अपनी छोटी उम्र में बड़ी लड़ाइयाँ जीती हैं. ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और बच्चों के आत्मविश्वास को और मजबूत बनाते हैं. हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष जैन ने कहा हर बच्चा अपने आप में एक चैंपियन होता है, लेकिन जो बच्चे स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से उबरते हैं, वे वास्तव में प्रेरणा के स्रोत बन जाते हैं. बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ पिपरसानिया ने बताया इस तरह के आयोजनों से बच्चों को एक ऐसा मंच मिलता है, जहां वे खुद को खास महसूस करते हैं और उनके आत्मबल में वृद्धि होती है.

# महानायक गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न देने की मांग तेज

- संसद में उठी आवाज पर पत्रकार संघ ने जताया आभार



**नागदा।** देश के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं निर्भीक पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी को 'भारत रत्न' से सम्मानित किए जाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ती नजर आ रही है। इस संबंध में कानपुर सांसद रमेश अवस्थी ने लोकसभा में उठाई मांग का गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार संघ ने स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है।

संघ के स्थानीय शाखा प्रमुख आशीष जैन ने बताया कि हाल ही में सांसद रमेश अवस्थी ने संसद में गणेश शंकर विद्यार्थी को 'भारत रत्न' देने की पुरजोर मांग रखी। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थी जी ने अपने समाचार पत्र 'प्रताप' के माध्यम से ब्रिटिश शासन के अत्याचारों के खिलाफ निर्भीकता से आवाज उठाई और स्वतंत्रता आंदोलन को वैचारिक शक्ति प्रदान की। सांसद अवस्थी ने यह भी उल्लेख किया कि विद्यार्थी ने भगत सिंह सहित कई क्रांतिकारियों का समर्थन किया और 25 मार्च 1931 को कानपुर दंगों के दौरान लोगों की जान बचाते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी शहादत पर महात्मा गांधी ने भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि उन्हें भी ऐसी ही मृत्यु प्राप्त हो, जिसमें वे लोगों की जान बचाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर सकें। गांधीजी ने यह भी माना था कि स्वतंत्र भारत में प्रधानमंत्री पद के लिए गणेश शंकर विद्यार्थी एक प्रमुख दावेदार हो सकते थे। इस संबंध में संघ के वरिष्ठ सदस्य शिरीष सकलेचा ने भी मांग करते हुए कहा कि दिल्ली के लोकसभा परिसर में गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए, ताकि उनके आदर्शों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल सके।

इसी क्रम में 25 जनवरी को गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि पर एक ऑनलाइन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेशभर के विभिन्न शहरों से जुड़े पत्रकारों ने सहभागिता कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में उनके जीवन, संघर्ष एवं बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार आशीष जैन सागर सहित अनेक पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# गायत्री महायज्ञ का आयोजन



**महिदपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार और गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन के मार्ग दर्शन में गायत्री परिवार शाखा महिदपुर की प्रज्ञा महिला मंडल समिति पटवारी कॉलोनी ने मारुति मनकामनेश्वर हनुमान मंदिर पर नौ दिन नवरात्रि गायत्री जप अनुष्ठान किया। इसे पूर्ण कर रामनवमी, दुर्गा नवमी के शुभ अवसर पर गायत्री महायज्ञ द्वारा सभी महिलाओं ने अपना अनुष्ठान की पूर्णाआहुति कर धर्म लाभ उठाया। दो बहुरानी का पुंसवन संस्कार भी शाखा के वरिष्ठ परिजन सुभाष दुबे ने सम्पन्न कराया। मातृशक्ति स्वरूपा माताओं और बहिनों ने 9 दिवसीय गायत्री अनुष्ठान जप में मधु त्रिवेदी, प्रज्ञा शर्मा, सोनू मेहता, पूजा मेहता, अनुराधा सेवक, अनुसुइया शर्मा, सरिता कालरा, सपना पंड्या, कविता जलांद्रा, सोरम जलांद्रा, स्वाति शर्मा, गीताबाई पंड्या, प्रतिभा पंड्या ने धर्म लाभ उठाया। दो बहुरानी पूजा मेहता, आरती का पुंसवन संस्कार किया गया। जानकारी डॉ. राजेश मेहता ने दी।

# पर्यावरण संरक्षण का लोगों ने लिया संकल्प



**उज्जैन।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उज्जैन विकासखंड के चिंतामण जवासिया सेक्टर में पिछले 10 दिनों से नवांकुर श्रीम गुरुकुल एवं प्रस्फुटन समितियां द्वारा जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना, जल एवं वृक्ष संरक्षण हेतु शपथ विधि समारोह, वृक्ष पूजन, हनुमान चालीसा कार्यक्रम संपन्न किए गए।

वहीं क्षेत्र में ग्राम चिंतामण, में रामायण काल की श्री लक्ष्मण बावड़ी का ग्राम वासियों के साथ पूजन, चिंतामणि बाबा के मंदिर में दीप मालिका, जल स्त्रोत पूजन एवं जल संरक्षण के लिए शपथ, कार्यक्रम संपन्न हुए। इसके साथ ही क्षेत्र में ग्राम चंदू खेड़ी, ग्राम बामोरा वार्ड क्रमांक 46, में वृक्ष पूजन, जल स्त्रोत पूजन, गौ माता स्वास्थ्य सुरक्षा, सुंदरकांड आयोजन और पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रमों के साथ ग्राम वासियों के साथ कार्यकर्ताओं ने शपथ ली।

इस अवसर पर जल सुरक्षा संरक्षण अधिकारी मनोरमा शर्मा द्वारा सेक्टर चिंतामणि में सभी प्रस्फुटन समितियां को जल परीक्षण की किट दी गई। यह जानकारी नवांकुर श्रीम गुरुकुल की संचालक कविता शर्मा द्वारा देते हुए बताया गया किआज संपन्न हो रहे पखवाड़े में प्रमुख रूप से शिक्षाविद डॉ आशीष विरक्त, श्याम उपाध्याय, भरत पटेल, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, श्रीमती पायल शर्मा, कौस्तुभ शर्मा, मान्यता, श्रीमती राखी श्रीवास, के गोविंद सेन, दीपक ठाकुर, कविता शर्मा, आशीष आंजना, प्रेम सिंह ठाकुर मोहित, मनीष, लेखिका, दिनेश कुमार, यशवंत सिंह इत्यादि कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रमों में जल संरक्षण हेतु शपथ डॉक्टर शीतल कुमार द्वारा दिलाई गई। जन अभियान के कार्यक्रमों का सफल मार्गदर्शन जिला समन्वयक श्री जय दीक्षित एवं विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने दिया। यह जानकारी कौस्तुभ शर्मा ने दी।



# राजपूत बोर्डिंग महिदपुर में भगवान राम के जीवन पर आधारित बौद्धिक-महाआरती

**महिदपुर। भगवान राम भारत की आत्मा व मर्यादा का अवतार है। श्रीराम का संपूर्ण जीवन धर्म नीति न्याय का पर्याय रहा है यही उनके जीवन का आभूषण था। राम की सभी लीलाएं हमारे जीवन का पथ प्रदर्शक और जीवन का दर्पण है।**

राम ने 14 वर्ष के वनवास मे मानव मूल्यों की स्थापना कर आदर्श जीवन का संदेश दिया है। राम के जीवन को समझ कर जाति से ऊपर उठकर धर्म के लिए खड़े होने की आवश्यकता है। उक्त बात सामाजिक कार्यकर्ता नारायणसिंह चिकलाना ने राजपूत धर्मशाला महिदपुर में श्री राम नवमी पर्व पर राम के जीवन पर आधारित बौद्धिक में कही।

भगवानसिंह पंवार ने भगवान राम के जीवन को आत्मसात कर उनके पद चिन्हों पर चलने की बात कही। प्रारंभ में भगवान राम की आरती एवं स्तुति की। इस अवसर पर बनेसिंह सोलंकी, अंतरसिंह राजपूत, श्यामपाल सिंह जादोन, बहादुरसिंह राठौर, जितेंद्रसिंह राठौर, कमलसिंह पंवार, गजेंद्रसिंह पंवार, कमल सिंह डोडिया सहित अनेक समाजजन मौजूद थे। संचालन अध्यक्ष भगवानसिंह पंवार एडवोकेट ने किया आभार नारायण सिंह डोडिया ने माना।

**एक नजर** | एमएसएमई भोपाल के साथ एमओयू के तहत किया शुरू

# सम्राट विक्रमादित्य विवि के स्टार्टअप नक्षत्र सोलर की शानदार शुरुआत

- पहले दिन ही मिले 20 ऑर्डर

**उज्जैन।** स्थानीय सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर के तत्वावधान में नए उद्यम नक्षत्र सोलर की गरिमामय शुरुआत हुई है। विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र के शोधार्थी छात्र नक्षत्र सैनी और यतेंद्र सैनी द्वारा स्थापित यह स्टार्टअप एमएसएमई भोपाल के साथ हुए एमओयू के तहत शुरू किया गया है। उद्यम ने लॉन्चिंग के साथ ही सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। शुरुआत के मात्र 24 घंटों के भीतर ही इसे 50 किलोवाट सोलर पावर जनरेशन क्षमता के 20 ऑर्डर प्राप्त हो चुके हैं।




विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए यह उपलब्धि प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टार्टअप के पोस्टर का विमोचन कर विद्यार्थियों का सम्मान किया और ऐसे नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की।

**नौकरी देने वाले बन रहे युवा:** स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित शुभारंभ समारोह की मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति कलावती यादव थीं। उन्होंने कहा कि आज का युग नवाचार और स्वरोजगार का है। यह खुशी की बात है कि उज्जैन के युवा अब नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बन रहे हैं। नक्षत्र सोलर जैसे उद्यम पर्यावरण संरक्षण के साथ आत्मनिर्भर भारत के सपने को भी साकार करेंगे।

**आइडियाज को जमीन पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है विवि:** समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय का इनक्यूबेशन सेंटर छात्रों के आइडियाज को जमीन पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य छात्रों को केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि उन्हें एक सफल उद्यमी बनाकर इंडस्ट्री के लिए तैयार करना है। एमपीएडीसी के संभागीय अधिकारी राजेश राठौर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि स्मार्ट सोलर प्रोडक्ट्स की आज बड़ी जरूरत है। युवा उद्यमी शासन की नीतियों का लाभ उठाकर इस क्षेत्र में अपार सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**छात्रों को मिलेगी इंटर्नशिप और व्यावहारिक ट्रेनिंग**

स्टार्टअप के निदेशक नक्षत्र सैनी और यतेंद्र सैनी ने बताया कि उनका उपक्रम सभी प्रकार के सोलर उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। इसमें स्मार्ट सोलर प्रोडक्ट्स की ट्रेडिंग, डिस्ट्रीब्यूशन, डीलरशिप और ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस की सुविधा शामिल रहेगी। विश्वविद्यालय के छात्रों के कौशल विकास के लिए ट्रेनिंग और इंटर्नशिप प्रोग्राम भी शुरू किया गया है। समारोह के दौरान ही कई उत्साही विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप जॉइन कर ली, जहां उन्हें फील्ड पर जाकर सोलर पैनल की स्थापना और रखरखाव का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ कार्यपरिषद सदस्य राजेश सिंह कुशवाह ने इस उपलब्धि पर स्टार्टअप के निदेशकों को बधाई दी। कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के ऐसे नवाचारों को सदैव प्रोत्साहित करता रहेगा। समारोह में बड़ी संख्या में प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे। अंत में बिजनेस इनक्यूबेशन सेल की ओर से आभार व्यक्त किया गया।